कृषि विज्ञान केंद्र मांडू रामगढ़ द्वारा इंदिराबाद एवं टकहा गांव के पशुओं के लिए पशु स्वास्थ्य शिविर एवं प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिषद पटना के तत्वाधान में कृषि विज्ञान केंद्र मांडू रामगढ़ के द्वारा मांडू प्रखंड के इंदिराबाद एवं टकहा गांव दो दिन 26 एवं 27 अक्टूबर, 2021 को पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद पटना से आए वैज्ञानिक डॉक्टर प्रदीप रॉय तथा डॉ ज्योति कुमार एवं तकनीकी अधिकारी श्री मनोज सिन्हा ने गांव के किसानों को पशु स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत रूप से समझाया तथा इंदिराबाद गांव के सभी किसानों के 150 से अधिक बकरियों, 100 से अधिक गाय, बैल तथा अन्य पशुओं तथा 27 अक्टूबर को टकहा गांव के सभी किसानों के 90से अधिक बकरियों, 70 से अधिक गाय, बैल तथा अन्य पशुओं का टीकाकरण किया एवं उनके द्वारा पशु स्वास्थ्य संबंधी क्रीमनाशी एवं अन्य दवाओं का वितरण भी जरूरत के अनुसार किया गया। इसके साथ कृषि विज्ञान केंद्र रामगढ़ के प्रभारी डॉक्टर दुष्यंत कुमार राघव द्वारा एससीएसपी योजना अंतर्गत किसानों को कृषि में उपयोगी छोटे-छोटे यंत्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। छोटे-छोटे यंत्रों के सही उपयोग पर जागरूक करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पटना के वैज्ञानिक डॉक्टर प्रेम कुमार सुंदरम ने किसान को प्रशिक्षण भी दिया गया एवं धान कटनी हेतु आधुनिक तकनीक से निर्मित हसुआ का वितरण किया गया। डॉ इंद्रजीत ने प्रशिक्षण के दौरान पशुपालको को ससमय टीका कराने हेतु जोर दियाI पशुओ को बीमारियों से बचाने हेतु टीकाकरण बहुत ही आवश्यक हैI इंदिराबाद के 70 से अधिक एवं टकहा गांव के 65 किसानों ने बड़े ही रुचि के साथ प्रशिक्षण में भाग लिया तथा सभी ने अपने पशुओं का टीकाकरण भी करवाया।

(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना)
कृषि विज्ञान केन्द्र
माण्डू, रामगढ़,

प्रशिक्षण विषय- जुताई, बुवाई एवं
26 अक्टूबर 2021
कृषि विज्ञान केन्द्र

(भारतीय कृषि अनुसंधान
माण्डू,